प्रदेश में छह मेगा फूड पार्क विकसित करने की तैयारी

लखनऊ, सहारनपुर, हापुड़, कुशीनगर, चंदौली व कौशांबी में खुलेंगे 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस'

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर प्रदेश में छह मेगा फूड पार्क विकसित करने की तैयारी कर रहा है। अगले 100 दिनों में कुशीनगर और हापुड़ में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत 14 नए इन्क्यूबेशन सेंटरों का निर्माण भी

शुरू करने की तैयारी है। इस बाबत मुख्यमंत्री योगी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन कोशिशों से बड़ी संख्या में रोजगार के मौके भी बनेंगे। बताया कि इस तरह की लगातार कोशिशों से पिछले पांच वर्षों में उद्यान सेक्टर में फल, शाकभाजी, फूल, मसाला फसलों में 1.01 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल का विस्तार हुआ है। उत्पादन में भी 7 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आलू के भंडारण की क्षमता में 30 लाख मीट्रिक टन की बढ़ोतरी हुई। प्याज भंडारण के लिए करीब 200 भंडारण केंद्र बनाए गए है। अब सहारनपुर, लखनऊ, हापुड़, कुशीनगर, चंदौली व कौशांबी में आलू और फल के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोलने की तैयारी है। साथ ही 30 जिलों में जनपद स्तरीय इन्क्यूबेशन सेंटर भी खोले जाएंगे।

1000 करोड़ रुपये का कोष बनेगा

सरकार जल्द ही 1000 करोड़ रुपये का भामाशाह भाव स्थिरता कोष बनाने जा रही है। इससे आलू, टमाटर और प्याज जैसी सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जा सकेगा। 4000 नए एफपीओ बनाने की तैयारी है। साथ ही युवाओं को स्वरोजगार के प्रशिक्षण कोर्स शुरू करने की तैयारी है।